**Patrika Date: 02.02.2018**

# 'अवर नेशन-अवर प्राइड' थीम पर किया रैम्प वॉक

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ● वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के टेक्सटाइल विभाग द्वारा फैशन शो 'विनिर्माण 2018' का आयोजन किया गया। इसमें स्टूडेंट्स ने ट्रेडिशनल, वायब्रेंट इंडिया, डेजर्ट, नियॉन व अवर नेशन-अवर प्राइड थीम पर रैम्प वॉक किया। मुख्य अतिथि प्रतिभा सिंथेटिक्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अतुल मित्तल थे। कार्यक्रम की कन्वीनर ने बताया, कार्यक्रम में डीजे शुभी जोशी ने प्रस्तुति दी। फैशन शो के को-ऑर्डिनेटर प्रो. टीके सिन्हा ने कहा, कार्यक्रम एक प्लेटफॉर्म है। इसमें स्टूडेंट्स ने हुनर प्रस्तुत किया। प्रारंभ में कुलपति डॉ. उपिंदर धर ने अशोक मित्तल का स्वागत किया। स्वागत भाषण कविता शर्मा ने दिया। उन्होंने कहा, फैशन हमारी आत्मा में बसता है। डॉ. धर ने कहा, समय के साथ फैशन बदलता है और पहनावा व्यक्ति के स्वभाव का आईना होता है। मित्तल ने कहा, डिजाइन वह नहीं है जो हम देखते या महसूस करते हैं, बल्कि उसमें अहम यह है कि वह किस तरह काम करती है।